तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 जून 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 पहले बनाते रहें हांडी, अब बनाएं हेलिकॉप्टर ..

14 विश्व ओलंपिक दिवस पर खिलाड़ियों ...


## चाकू की नोंक पर बालक का अपहरण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ शहर के मौहारीभाठा से अचानक लापता हुए बालक के अपहरण मामला

शहर के मौहारीभाठा से अचानक लापता हुए बालक के अपहरण मामले में पुलिस और सायबर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अपहरणर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बालक को चाकू की नोंक पर खल्लारी ले गया था और स्वयं पुरी फरार होने की तैयारी में था। इस बीच 20 जून को ही पुलिस ने बालक को बरामद कर लिया। लेकिन, अपहरणकर्ता पुलिस गिरफ्त में नही आ पाया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 जून को प्रार्थी नीलकमल ध्रुव पिता स्व. संतराम ध्रुव निवासी मौहारीभाठा महासमुंद ने थाना सिटी कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराई उसका नाबालिग ममेरा भाई उम्र 11 वर्ष 08 माह के सुबह करीब 11 बजे बिना बताए कहीं चला गया है जो अब तक घर नहीं आया है। बच्चे के अपहरण होने के संदेह में प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना महासमुंद में धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपहत बालक की पतासाजी कर 20 जून को खल्लारी रेलवे स्टेशन के बाहर से बरामद किया गया।



### इस तरह पकड़ा गया अपहरणकर्ता

पुलिस द्वारा बच्चे का अपहरण करने वाले अज्ञात व्यक्ति के बारे में पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि फगन दास मानिकपुरी खल्लारी रेलवे स्टेशन के पास रहता है और उसे अपहृत बालक के साथ देखा गया था। सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा खल्लारी रेलवे स्टेशन के पीछे पतासाजी घेराबंदी कर आरोपी फगन दास मानिकपुरी पिता जलदास मानिकपुरी (20 साल) आंवराडबरी थाना खल्लारी, महासमुंद को पकड़ा।

### चाकू की नोंक पर किया था मासूम का अपहरण

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अपनी जेब में चाकू रखता हूं। 16 जून को रेलवे स्टेशन महासमुंद के पास से एक बालक को चाकू की नोंक पर उसे डराकर बच्चे की सायकल से ग्राम आंवराडबरी आया और उसे लेकर आसपास घूमता रहा। 20 जून को बालक को लेकर मैं पुरी जाने वाला था कि लेकिन भीमखोज रेलवे स्टेशन में लोगों से पता चला कि पुलिस मेरे को ढूंढ रही है तब मैं डरकर बच्चे को रेलवे स्टेशन में छोड़कर झाड़ियों में छुप गया था। पुलिस ने आरोपी के विरूध्द थाना सिटी कोतवाली महासमुंद में धारा 363, 506 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया है।

## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने 23 जून 2024 को दोपहर करीब 2:30 बजे मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी से करीब 15.3 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि 1 व्यक्ति एक प्लास्टिक के बोरी में भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री करने के लिए भट्टी से शराब खरीदकर संजय गार्डन के पीछे तरफ ग्राम खैरा ले जाकर उसकी बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शौकीलाल बगरती पिता वासु बगरती (52 साल) निवासी वार्ड न 24 सुभाष नगर की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में 85 पौवा प्लेन देशी शराब कीमत 7650 रुपए तथा बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त कर अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से गिरफ्तार कर अपराध कायम किया गया है।

### होटल से 3 लीटर महुआ शराब किया गया जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने 23 जून को मुखबिर की सूचना पर शाम करीब 4:10 बजे नगर के जगदीशपुर रोड़ स्थित अपना होटल से करीब 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि जितेंद्र सागर पिता शौकीलाल सागर (38 साल) निवासी पिरदा से अवैध शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में पूछताछ किया जो अपने होटल से निकाल कर एक हरे रंग की दो लीटर वाली प्लास्टिक बॉटल में भरी हुई करीब 2 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब एवं एक सफेद रंग की दो लीटर वाली प्लास्टिक बाटल में भरी हुई करीब 1 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब, जुमला 3 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब , कीमत 600 रुपए को पेश किया, जिस पर पुलिस ने उक्त देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब को मौके पर जब्त कर आरोपी पर अपराध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट का पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध किया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत 23 जून को दोपहर करीब 12 बजे भंवपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम झारमुड़ा के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत होने पर मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के 23 जून 2024 को सुबह करीबन 10 बजे नीलमणी बुढेक पिता स्व. जयदेव बुढेक 35 साल ग्राम झारउडेला मोटर सायकल क्र सीजी 06 जीजे 9818 से अपना ससुराल ग्राम बरनाईदादर जा रहा था, तभी दोपहर करीबन 12 बजे ग्राम झारमुड़ा से करीबन 500 मी की दूरी पर उसे किसी अज्ञात वाहन चालक के द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे सिर, माथे व नाक में गंभीर चोट लगने से खून निकल रहा था। अधिक मात्रा में खून बहने से घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध अपराध धारा 304 ए पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### अंतिम यात्रा: कांग्रेस भवन में अंतिम दर्शन के बाद गृहग्राम में हुआ अंतिम संस्कार

## दर्शन को उमड़े कांग्रेसजन और नागरिकों ने अग्नि को दी गई नम आंखों से विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ कांग्रेस भवन में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

राजनीति में लोगों के लिए प्रेरणा के साथ उदाहरण रहे महासमुंद के पूर्व विधायक एवं कैबीनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर के निधन पश्चात सोमवार को उनके गृह ग्राम लाफिनकला में अंत्येष्टि हुई। सोमवार सुबह 10 बजे उनके पार्थिव शरीर को रायपुर से स्टेशन रोड स्थित निवास लाया गया जहां से अंतिम यात्रा रवाना हुई और सबसे पहले कांग्रेस भवन में आमजनों के अलावा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अंतिम श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को गृहग्राम लभराकला ले जाया गया जहां उन्हें मुखाग्नि दी गई। उल्लेखनीय है कि करीब 40 साल तक राजनीति में सक्रिय रहे अग्नि चंद्राकर अपने सरल, सहज स्वभाव, साफ सुथरी राजनीति और सेवा भावना के कारण पक्ष-विपक्ष में समान रूप से लोकप्रिय रहे। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से तीन-तीन बार विधायक चुना जाना उनकी जन-स्वीकार्यता और लोकप्रियता का प्रमाण है। विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम सोरिद में दाऊ रमनलाल चंद्राकर के घर 1 जनवरी 1954 को जन्मे बीकॉम, एलएलबी शिक्षित अग्नि चंद्राकर ने व्यवसाय के रूप में कृषि को ही अपनाया। उनके राजनीतिक सफर की शुरूआत सन-1986 में हुई जब वे ग्राम पंचायत धनसुली के निर्विरोध सरपंच चुने गए। सन 1993 में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से प्रथम बार निर्वाचित हुए। बाद सन 1998 में पुनः विधायक बने। सन 2000 से 2003 तक भूमि विकास बैंक अध्यक्ष रहे। सन 2008 में तीसरी बार महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। सन 2021 में अध्यक्ष, छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लि. रायपुर मनोनीत किए गए। उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया था।



अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेसजन और नागरिक

### जिला बनाने दिया था इस्तीफा, अपनी ही सरकार के खिलाफ किया था धरना आंदोलन

जिला निर्माण में उनका बड़ा योगदान रहा। क्षेत्र की जनता महासमुंद जिला की मांग कर रही थी, लेकिन 1998 में अविभाजित मध्यप्रदेश में नए जिलों की घोषणा हुई तो उसमें महासमुंद का नाम नहीं था। रायपुर को विभाजित कर धमतरी को जिला बनाया गया, लेकिन महासमुंद की मांग अनसुनी कर दी गई। जन-आकांक्षा की अनदेखी से क्षुब्ध श्री चंद्राकर ने तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को अपने विधायक पद से इस्तीफा भेजकर अपनी ही सरकार के खिलाफ धरना आंदोलन शुरु कर दिया। जिसके बाद सरकार को झुकना पड़ा और अंततः महासमुंद जिला निर्माण की घोषणा की गई। बता दें कि उस समय महासमुंद एशिया की सबसे बड़ी तहसील हुआ करती थी। महासमुंद जिला निर्माण के बाद सन 1998 से 2006 तक वे कांग्रेस के प्रथम महासमुंद जिलाध्यक्ष भी रहे। क्षेत्रवासियों और कांग्रेसियों की नजर में अग्नि चंद्राकर का निधन महासमुंद विधानसभा ही नहीं, संपूर्ण महासमुंद जिला और पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है।



### श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व सीएम बघेल

निज निवास से निकली अंतिम यात्रा के दौरान उनके दर्शन के लिए पार्थिव शरीर को कांग्रेस भवन लाया गया। जहां बिंद्रानवागढ़ विधायक, महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, नपा अध्यक्ष राशि महिलांग, त्रिभुवन महिलांग, उषा पटेल, आलोक चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, मनोजकांत साहू, अंकित बागबाहरा सहित अनेक कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा नेताओं ने भी कांग्रेस भवन पहुंचकर श्री चंद्राकर को श्रद्धांजलि दी। गृह ग्राम लभराकला में उन्हें श्रद्धांजलि देने पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक चातुरी नंद, पूनम चंद्राकर, धनेंद्र साहू, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शहर व क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

## अधिक मात्रा में दवाइयों के विक्रय मामले में दो आरोपियों को 10-10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बिना वैध अज्ञप्ति के अधिक मात्रा में दवाइयों को विक्रय के लिए रखने वाले दो लोगों को आरोप सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) संघपुष्पा भतपहरी ने 10 वर्ष की सजा एवं एक-एक लाख रुपए की अर्थदण्ड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाए जाने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई है।

अभियोजन के अनुसार 28 सितंबर 2023 को तुमगांव तिराहा एनएच 53 तुमगांव में आरोपी रूपित शर्मा पिता विजय शर्मा (23 साल) निवासी अधमनगर सिटी सेंटर कांकेर थाना व जिला कांकेर (छग) तथा दूसरा आरोपी धनेश यादव पिता सतउ राम यादव (25 साल) निवासी भोभला बाहरा थाना दुगली जिला धमतरी (छग) के संयुक्त आधिपत्य के वाहन मोटर सायकल हीरो होंडा स्पलेंडर क्रमांक सीजी 06, 0585 में एक हरा काला कत्था कीम कलर के थैले के अंदर में अवैध रूप से 47 नग पेण्ट्राजोसिन लेक्टे इंजेक्शन आईपी कुल 47 एमएल एवं 04 पैकेट में 100-100 नग नाईट्राजेपम टेबलेट कुल 400 नग तथा रिसाफ्ट गोल्ड सिरप कुल 3000 एमएल एवं 17 नग विनसरेक्स कफ सिरप कुल 1700 एमएल जिसमें सभी दवाइयों में निर्धारित मात्रा में कोडिन नामक स्वापक औषधि जो कि मनःप्रभावी पदार्थ को बिना वैध अज्ञप्ति के परिवहन करते हुए तुमगांव थाना के सहायक उपनिरीक्षक नीलांबर सिंह नेताम द्वारा जब्त किया गया।

पूर्ण विवेचना कर प्रकरण का अभियोग पत्र विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) महासमुंद के न्यायालय में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 21 (ग) के अंतर्गत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसमें 24 जून को विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी द्वारा प्रकरण में विचारण पूर्ण करते हुए दोनों आरोपियों को 10-10 वर्ष की सजा एवं एक-एक लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाए जाने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा अतिरिक्त भुगताने का आदेश पारित किया गया। शासन की ओर से प्रकरण की पैरवी जितेंद्र कुमार साहू, विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस) ने की।

### जिले में अब तक 59.8 मिलीमीटर औसत वर्षा, सर्वाधिक महासमुंद तहसील में 132.1 मिलीमीटर

**महासमुंद।** महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 9.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 132.1 मिलीमीटर, बागबाहरा में 78.3 मिलीमीटर, सरायपाली में 75.8 मिलीमीटर, बसना में 74.4 मिलीमीटर, पिथौरा में 67.8 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 32.3 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 24 जून को 59.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में आज महासमुंद तहसील में 13.0 मिलीमीटर, बसना में 10.6 मिलीमीटर, सरायपाली में 10.3 मिलीमीटर, कोमाखान में 10.2 मिलीमीटर, बागबाहरा में 8.7 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 7.0 मिलीमीटर पिथौरा तहसील में दर्ज की गई।

## आबकारी विभाग ने जब्त किया 13 किलो गांजा, एक युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल के मार्गदर्शन में रविवार को आबकारी नियंत्रण कक्ष महासमुंद में मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर रेलवे स्टेशन महासमुंद के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 में खड़े एक व्यक्ति के कब्जे से गांजा बरामद किया। आबकारी विभाग की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रानू मालवीय पिता अशोक मालवीय (23 साल) निवासी राजापुर, यमुना रोड, चित्रकूट (उप्र) का निवासी होना बताया। उक्त संदेही व्यक्ति को मुखबिर सूचना से अवगत कर तलाशी हेतु सहमत होने पर अपने पास रखे बैंगनी रंग के ट्रॉली बैग में 4 पैकेट पॉलीथिन में 8 किलोग्राम एवं एक काले रंग के पिट्ठू बैग में 1 पैकेट पॉलीथिन में 5 किलोग्राम कुल मात्रा 13 किलोग्राम मादक पदार्थ को मौके पर परीक्षण करने पर गांजा होना पाया गया। आरोपी को एनडीपीएस की धारा 20 (ख)(B) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड में जिला जेल महासमुंद दाखिल कराया गया। उक्त कार्रवाई में प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष जिला महासमुंद एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर, आबकारी उप निरीक्षक दरस राम सोनी, नितेश सिंह बैस, शिव शंकर नेताम, हृदय कुमार तिरुपुड़े, विकास बढेंद्र आबकारी मुख्य आरक्षक पी. माधव राव, आबकारी आरक्षक देवेश मांझी, संजय तिवारी एवं रेलवे पुलिस बल से निरीक्षक पीएस. धाकड़, उपनिरीक्षक एके गरनायक, आरक्षक मंदीप सिंह, एमएम सिंह उपस्थित थे।





### छत में खेल रही बच्ची की करंट लगने से मौत

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी भाठापारा में घर के छत में खेल रही 8 वर्षीय बालिका की बिजली तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 जून को दोपहर करीब 2 बजे पूर्णिमा पिता राजू चंद्राकर (8 साल) निवासी बिरकोनी घर की छत पर खेलते समय बिजली तार के संपर्क में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।

## महिला के साथ बेटे-बहू ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कोडार के पास रहने वाली एक महिला पर उसके बेटे और बहू ने विवाद करते हुए जानलेवा हमलाकर दिया। करीब दस दिन पहले हुई इस घटना की रिपोर्ट महिला ने रायपुर से इलाज कराकर आने के बाद 23 जून को तुमगांव थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम कोडार के स्कूल के पास रहने वाली महिला परमिंदर कौर गिल पति पाल सिंह गिल ने बताया कि मेरा पुत्र बीरू गिल उर्फ बलविंदर सिंह गिल भी साथ में रहता था, मेरा पुत्र शराब पीने का आदी था, मेरे द्वारा मना करने पर कई बार लड़ाई, झगड़ा कर चुका है, तथा जान से मारने की धमकी दिया था। महिला ने पुलिस को बताया कि मेरा पुत्र बीरू गिल जब से गीता को पत्नी बनाकर रखा, तब से लड़ाई, झगड़ा कर कहीं भाग गया था, गांव वाले बताते थे कि बीरू गिल गांव में आया था और स्कूल में सोया था, घटना के बारे में मैंने अपनी पुत्री पूजा जुनवानी, हरप्रीत कौर, दामाद कुणाल कुमार यादव, दीनु जुनवानी को भी बताई हूं।

महिला ने आगे बताया कि 15 जून की रात खाना खाने के बाद घर के बाहर आंगन में सोई थी कि रात करीब 2 से 02.30 बजे के बीच बीरू एवं उसकी पत्नी गीता आए और गालियां देते हुए हाथ, थप्पड़ से मारपीट कर आज तुम्हें जान से मार देंगे कहते हुए हाथ में रखे फावड़े से मेरे सिर, दोनों गाल, पीठ, बाएं हाथ, दाहिने कान के पास मारकर चोट पहुंचाई। घटना की आवाज को सुनकर आसपास के लोग आए और डायल 112 वाहन में बिठाकर सीएचसी तुमगांव लाए थे। यहां से बेहतर इलाज कराने के लिए मुझे जिला अस्पताल महासमुंद रेफर किया गया। लेकिन तबियत में सुधार नहीं होने से डीकेएस अस्पताल रायपुर में इलाज करा रही हूं । पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 307, 323, 34 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बेहोशी की हालत में मिले अज्ञात बुजुर्ग की मौत

**महासमुंद।** सरायसपाली के ग्राम झिलमिला के पास शराब दुकान जाने वाली रोड पर एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला, उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 22 जून को शाम करीब 6 बजे अज्ञात पुरूष उम्र लगभग 65 से 70 साल शराब दुकान जाने वाली रोड पर बेहोशी के हालत में मिला उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।

### नगर में शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत

## राम सेना ने हिंदू साम्राज्य दिवस पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हिंदू साम्राज्य दिवस शनिवार को नगर में पहली बार शिवाजी की शोभायात्रा निकालकर मनाया गया। शोभायात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्रीराम सेना द्वारा शनिवार शाम 5 बजे राम जानकी मंदिर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो शहर के महामाया मंदिर चौक, बिठोबा चौक, अंबेडकर चौक, स्वामी चौक, क्षत्रपति शिवा चौक से बरोंडा चौक दुर्गा मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में आकर्षण का मुख्य केंद्र अखंड भारत की झांकी, राम लला की झांकी, हनुमान की झांकी, शिवाजी महाराज का वेष धारण किए युवक रथ पर सवार एवं ढोल की थाप पर आतिशबाजी मुख्य आकर्षक का केंद्र थे। जिला मराठा समाज महासमुंद के जिलाध्यक्ष राजेंद्र राव घाड़गे, उपाध्यक्ष महावीर पवार, संरक्षक प्रलय थिटे, कोषाध्यक्ष भूषण राव भोसले, जनार्दन पवार सहित ज्योति पवार ने शिवाजी महाराज को माल्यार्पण कर जय घोष के साथ स्वागत किया। राम सेना के कार्यकर्ताओं ने कहा कि धरती पर कुछ ऐसी हस्तियां जन्म लेती हैं, जिनके कर्म और विचार सदियों तक लोगों के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। ऐसे ही व्यक्तित्व के स्वामी छत्रपति शिवाजी महाराज हुए। इसलिए महान मराठा छत्रपति शिवाजी की जयंती को एक पर्व की तरह मनाया जाना चाहिए। इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और जुलूसों का आयोजन होने लगे हैं। शिवाजी एक ऐसे महान योद्धा थे, जो अपने जीवन में बहुत पहले ही युद्ध के लिए तैयार हो गए थे और उन्होंने कई युद्ध लड़े थे। वह एक भारतीय योद्धा और मराठा वंश के सदस्य थे। उनके पिता शाहजी भोसले एक सेनापति थे। जबकि, उनकी मां जीजाबाई एक धार्मिक महिला थीं। उन्होंने अपनी माता से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में उतार लिया था। यही वजह थी कि वह धर्म और आध्यात्म से काफी जुड़े थे। शिवाजी महाराज बचपन से ही सामंती प्रथा के खिलाफ थे और उन्होंने मुगल शासकों की क्रूर नीतियों का जमकर विरोध किया था। इसी जोश के कारण उन्होंने मुगलों को धूल चटाई थी। अंत में भारत माता की आरती पश्चात शोभायात्रा का समापन किया गया।



**इनका रहा योगदान :** शोभायात्रा को सफल बनाने में राम सेना के प्रथित तिवारी, राज साहू, शुभम टोंडेकर, जन डड़सेना, आर्यन मेहता, चंद्रकात साहू, चंद्रहास साहू, राहिल गुप्ता, लवेश साहू, मुरली सिंह राजपूत, गुलाब ठाकुर, कुंदन थानेकर, प्रभु श्रीवास्तव आदि का योगदान रहा।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस 24 जून पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा है कि



रानी दुर्गावती भारत की उन वीरांगनाओं में से एक थीं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। उन्होंने अपने शौर्य और साहस से वीरता की एक नई इबारत लिखी। उनका साहस और बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

### विधायक अनुज ने किया लोकार्पण



**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति जोरा में विधायक निधि से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने रविवार को किया। इस अवसर पर कॉलोनी के समस्त पदाधिकारी एवं कॉलोनीवासी मौजूद थे।

### सुहिणी सोच ने मनाया योग दिवस



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुहिणी सोच संस्था द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में 'योग का करें प्रण, नशामुक्त होगा छत्तीसगढ़' का दशम आयोजन किया गया। संस्थापक मनीषा तारवानी की सहभागिता रही और अध्यक्ष दीक्षा बुधवानी व सचिव पूनम बजाज ने बताया कि नियमित योग करने से कैसे हम अपने आपको फिट रख सकते हैं! मीडिया प्रभारी कविता नारा ने बताया कि इस प्रोग्राम में पूर्व अध्यक्ष विद्या गंगवानी व अध्यक्ष करिश्मा कमलानी ने भी अपनी कार्यकर्ताओं पल्लवी चिमनानी, संगीता पुरी, रेखा पंजवानी, ईशानी तोतलानी, सिया जसवानी, भारती सिहानी, हर्षा सिंहानी के साथ प्रोग्राम में हुए क्विज कंट्रोल क्विज कांटेस्ट के बखूबी उत्तर दिए।

### चोरी का वाहन बेचने की फिराक में धरे गए दो चोर



**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने दो वाहन चोर अरुण साहू उर्फ ज्ञानेंद्र निवासी समुदायिक भवन के पास सीतानगर गोगांव एवं तेजनारायण उर्फ सोनू साहू निवासी सीतानगर गोगांव को गिरफ्तार किया है। दोनों ने गुढ़ियारी निवासी प्रार्थी विजय पटले के घर से स्प्लेंडर चोरी की थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपियों को गोगांव के सीतानगर चौक के पास चोरी की उसी गाड़ी को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करते पकड़ा। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### मंत्री तोखन ने की साय और डॉ. रमन से मुलाकात

**रायपुर।** राजधानी में प्रवास के दौरान आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निवास पर पहुंचकर उनसे भी शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन लिया। राज्यमंत्री श्री साहू से सर्किट हाउस में प्रदेशभर से आए हुए कार्यकर्ताओं, विभिन्न संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग भेंट कर उन्हें केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने पर लोगों ने उन्हें बधाई दी।

## गौरव पथ निर्माण : आधे-अधूरे निर्माण के कारण नागरिकों को परेशानी, बैठक में इंजीनियर रहे मौजूद

# गौरव पथ निर्माण में देरी, व्यवसायियों और लोगों को हो रही परेशानी पर चर्चा करने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

शहर में गौरव पथ निर्माण में हो रही लेट-लतीफी और इससे आमजनों व व्यवसायियों को हो रही परेशानी को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रकुमार पटेल द्वारा शहर के प्रमुख व्यवसायियों और गौरव पथ बना रहे इंजीनियर प्रदीप साहू के साथ एक बैठक रखी गई।

बैठक में बारिश के दिनों में किसी को भी सड़क को लेकर परेशानी न हो, इसके लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और इंजीनियर को सड़क के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। वहीं सभी व्यापारियों ने भी कई प्रकार के सुझाव रखे। बैठक में मुख्य रूप से चैंबर आफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुशील जैन, भोजराज अग्रवाल, मनमीत सिंह आहूजा, विनोद जैन, नीरज अग्रवाल, अजय अग्रवाल, वीरेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल आदि व्यापारीगण एवं पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा व गुंजन अग्रवाल भी उपस्थित थे। शहर के भीतर घंटेश्वरी



मंदिर से बैतारी चौक तक इन दिनों गौरव पथ निर्माण का कार्य चल रहा है। वर्तमान में बरसात के मौसम ने दस्तक दे दी है और अभी भी काफी निर्माण कार्य बचा हुआ है। ऐसी स्थिति में आधे-अधूरे निर्माण से राहगीरों को बहुत अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मुख्य मार्ग पर दुकानों के सामने सड़क निर्माण कार्य चलने से उनका व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है।

बीते दिनों एक ही दिन की मूसलाधार बारिश से पूरा शहर जलमय हो गया था। सड़क के किनारों पर कई स्थानों पर अभी भी पानी जमा हुआ है। गौरव पथ निर्माण के कारण सड़क कई स्थानों पर खुदा हुआ है, तो कहीं-कहीं गड्ढे भी बन गए हैं। इनमें पानी आ जाने से राहगीरों को सड़क की स्थिति की सही जानकारी नहीं हो पाती और कभी भी वे दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं। ऐसी स्थिति को देखते हुए शहरवासियों द्वारा भी लगातार शिकायत की जा रही थी और नगरपालिका को भी इस दिशा में जल्द ही कदम उठाने की मांग की जा रही थी। इसे देखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष श्री पटेल के द्वारा उक्त बैठक रखी गई।

### व्यापारियों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

व्यापारियों ने बैठक में विभिन्न सुझाव देते हुए बताया कि झिलमिला में जगन्नाथ पेट्रोल के सामने, जनपद पंचायत के सामने, शिशु मंदिर के सामने, ताड़िया मिल से स्वीटी आटो तक, मंजीत ढाबा से इवास स्कूल तक आदि स्थानों पर अतिशीघ्र सड़क निर्माण पूर्ण करने की आवश्यकता है। इन स्थानों पर लोगों को बहुत अधिक परेशानी हो रही है। इसके अलावा कई जगह गड्ढे नहीं भरे गए हैं, जिनमें बरसात के समय परेशानी हो सकती है। वहीं पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह के घर के पास बाहर निकलने का मुख्य मार्ग विगत दो माह से बंद है, जिसके कारण उन्हें बाहर निकलने के लिए दूसरे रास्ते का उपयोग करना पड़ रहा है। चैंबर के सदस्यों ने बताया कि आगामी कुछ ही दिनों में रथ यात्रा आने वाला है, जिसका प्रमुख कार्यक्रम राजमहल मैदान में आयोजित होता है। अतः इस स्थान को भी अतिशीघ्र ठीक किये जाने की आवश्यकता है।

### आवश्यक कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश

सभी पहलुओं पर विचार विमर्श करने के बाद नपाध्यक्ष पटेल ने गौरव पथ इंजीनियर को विभिन्न दिशा निर्देश दिये, जिसमें जहाँ-जहाँ नाली छूटा हुआ है, उसे आगामी दो-तीन दिनों में ही पूरा करने, सभी तरह के गड्ढों को समतल करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा बरसात के समय डिवाइडर, नाली निर्माण व फुटपाथ का काम पूरा करने एवं बरसात के बाद दीपावली के पूर्व पूरे शहर की सड़क को डामरीकरण करने की तैयारी के निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने इंजीनियर को बरसात के समय राहगीरों को किसी प्रकार की समस्या न हो एवं दीपावली के समय किसी का भी व्यापार प्रभावित न हो इसका विशेष देने का निर्देश दिया है।

# अलग-अलग वाहन दुर्घटना में दो की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले के दो थाना क्षेत्रों में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग की है जहां ट्रक ने बाइक को ठोकर मार दी। जिसमें तीन सवार घायल हो गई वहीं दूसरी घटना बागबाहरा के करमापटपर की है जहां पिकअप की ठोकर से घर लौट रहे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नांदगांव के गोपाल निषाद पिता सुंदरलाल निषाद ने बताया कि 22 जून को मैं अपने साथी पीतांबर ढीवर के मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीटी 1023 में मैं, पीतांबर ढीवर, असदेव ढीवर तीनों नांदगांव से घोड़ारी सामान खरीदने के लिए गए थे। वापस आते समय मोटर सायकल को पीतांबर ढीवर चला रहा था, दोपहर करीब 2 बजे बेलसोंडा रेलवे फाटक हनुमान मंदिर के पास पहुंचे थे। उसी समय सामने महासमुंद की ओर से आ रही ट्रक क्र. सीजी 06 जीजेड 5301 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर सामने से हमारी मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। ठोकर लगने से तीनों मोटर सायकल सहित रोड में गिर गए। उपस्थित लोगों ने 112 वाहन को कॉल कर जिला अस्पताल महासमुंद इलाज हेतु भर्ती कराया। जहां से रेफर करने पर पीतांबर ढीवर को रायपुर एवं असदेव ढीवर महासमुंद के निजी अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक में सवार युवकों की मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना अंतर्गत ग्राम करमपटपर के खल्लारी स्थापना के पास पिकअप की टक्कर से बाइक में सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बागबाहरा थाने में मामले को लेकर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को मनिहार दीवान पिता रमेशर दीवान निवासी ग्राम लमकेनी ने बताया कि 23 जून की दोपहर में मेरा भतीजा भीखम दीवान एवं उसका दोस्त दुर्गेश दीवान मोटर सायकल सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 06 जीजेड 8276 में काम से बागबाहरा गए थे और वापस घर आ रहे थे। वे जब शाम करीब 5.30 बजे ग्राम करमापटपर खल्लारी स्थापना के पास पहुंचे थे, उसी समय विपरीत दिशा तेन्दूकोना की ओर से आ रही सफेद रंग के पिकअप सीजी 06 जीडब्लू 6908 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में मेरे भतीजे भीखम दीवान के साथ दुर्गेश दीवान की गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार मृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

बसना थाना अंतर्गत ग्राम झारमुड़ा में एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को ठोकर मार दी, जिससे एक युवक की मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है। भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम झारउड़ेला निवासी उमेश बुड़ेक ने पुलिस को बताया कि 23 जून की सुबह करीब 10 बजे बड़े पिताजी का लड़का नीलमणि बुडेक (35) बाइक क्रमांक सीजी 06 जीजे 9818 से अपने ससुराल ग्राम बरनाईदादर जा रहा था, दोपहर करीब 12 बजे ग्राम झारमुड़ा से करीब 500 मी दूर अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन से ठोकर मार दिया। सूचना पर घटना स्थल पहुंचकर देखा तो नीलमणि जमीन पर पड़े थे। सिर, माथा व नाक में गंभीर चोट लगने से खून निकल रहा था उन्हें निजी वाहन से सरकारी अस्पताल बसना लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच करने के बाद मृत्यु हो जाना बताए।

# पत्नी से मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

शराब पीकर एक व्यक्ति ने अपने ससुराल जाकर वहां अपनी पत्नी से बेरहमी से मारपीट की। घटना ग्राम दुर्गापाली की है। प्रार्थिया ने अपने पति के खिलाफ सरायपाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

ग्राम बानीपाली निवासी राधा दास मानिकपुरी पति लक्ष्मी दास मानिकपुरी ने पुलिस को बताया कि मेरा पति राजमिस्त्री का काम करता है और आये दिन शराब पीकर मेरे साथ लड़ाई, झगड़ा, मारपीट, गाली गलौज करता है।

22 जून की रात वह शराब पीकर मेरे साथ गाली गलौज करने लगा। इसके चलते तंग आकर मैने अपने भाई को फोन कर बानीपाली बुलाया और उनके साथ मायके चली गई। 23 जून की दोपहर को मेरा पति लक्ष्मी दास मानिकपुरी फिर शराब पीकर मुझे लेने के लिए मेरे मायके ग्राम दुर्गापाली मेरे भाई गुरु दास के घर आया और बानीपाली चलो कहकर विवाद करने लगा। इस मैने कहा कि मेरे भाई, चाचा आएंगे तो मैं उन लोगों के सामने बोलकर जाऊंगी।

इतना कहने पर वह आवेश में आकर मुझे गालियां देते हुए जान सहित मारने की धमकी देकर सिर के बाल को पकड़कर हाथ मुक्का, लात घूंसा से बेरहमी से मारपीट करने लगा। महिला ने बताया कि मारपीट करने से मुझे सिर, पीठ, कमर, बांये हाथ की कलाई व चेहरे पर चोट लगी है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी पति के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## पर्यावरण को बढ़ावा देने बांटे निशुल्क 500 पौधे

**रायपुर।** भाजपा के पितृपुरुष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में केनाल रोड स्थित भगवान झूलेलाल मूर्ति चौक पर हर घर एक वृक्ष, हर घर हरियाली अभियान के अंतर्गत निशुल्क पौधे बांटे गए। पूज्य सिंधी पंचायत राजेंद्रनगर, अमलीडीह, महावीर नगर के मुखी गिरीश लहेजा के नेतृत्व में इस अभियान के तहत पीपल, नीम, बरगद, जामुन, आम, सीताफल एवं अनेक प्रकार के 500 पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पंचायत के पदाधिकारी कार्यकारिणी अध्यक्ष जेठानंद कोटवानी, महासचिव राजकुमार मंजर, कोषाध्यक्ष सुरेश दसवानी, मुख्य सलाहकार हरेश रामानी, उपाध्यक्ष दिलीप केवलानी, अनिल हिमानी, अनिल रूपचंदानी, मनीष पंजवानी, दुलीचंद कोटवानी, कैलाश बत्रा, सुनील जसवानी, राजकुमार पंजवानी, पहलाद खेमानी समेत अन्य शामिल हुए।

## राजधानी में काम के लिए व इलाज कराने आने वालों की सुविधा का ऐसा हाल

# रैन बसेरा बनवाकर भूला नगर निगम कहीं विस्थापितों का डेरा, कहीं तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुसाफिरों के लिए शहर में कई जगह रैन बसेरा बनवाने और जरूरी सुविधा देने नगर निगम ने एक करोड़ से ज्यादा खर्च किया है। इसके बाद भी लोगों को मिलने वाली सुविधा अव्यवस्था की भेंट चढ़ रही है। देखभाल के अभाव में किसी रैन बसेरा में तोड़फोड़ में प्रभावित परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्था मिल रही तो किसी में एजेंसी कर्मी जमे हुए हैं। इससे बारिश के मौसम में मुसाफिरों को मिलने वाली सुविधा का हाल बेहाल है।

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में निगम ने 15 से 20 साल में 8 जगह रैन बसेरा बनवाया है। इनमें शहर के बीच ही चार जगह रैन बसेरा बनवाने पर निगम ने एक करोड़ से ज्यादा खर्च किया है। जहां बारिश के दिनों में मुसाफिरों को किस तरह की सुविधा मिल रही है, इसकी जमीनी सच्चाई जांचने के लिए हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की। इस दौरान कई खामियां देखने को मिलीं। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व मुख्य मार्ग के आसपास बनवाए गए रैन बसेरों में से सिर्फ एक ही जगह ही लोगों को रात बिताने के लिए सुविधा मिल रही है। बारिश के मौसम में बची तीन जगह रैन बसेरा की सुविधा इसलिए नहीं मिल रही, क्योंकि जोन के जिम्मेदार बनवाए गए आश्रय स्थल की सुध भी नहीं ले रहे हैं। जिन लोगों का आनन-फानन में मकान तोड़ा गया, उन्हें भी बसाया है। इससे मुसाफिरों की सुविधा लंबे अरसे से नहीं मिल रही है।

मुसाफिरों को सुविधा भी सिर्फ पंडरी बस स्टैंड में मिल रही है। बस स्टैंड हटने से 80 बिस्तर वाले आश्रय में प्रतिदिन एवरेज 15 से 20 मुसाफिर ही पहुंचते हैं।






### तीन जगह सुविधा भी फेल

बस स्टैंड में रनिंग स्थिति में मिले रैन बसेरा के कर्मी ने बताया कि बस स्टैंड हटने से आश्रय स्थल के बेड खाली रहते हैं। इससे पहले 80 बेड वाला आश्रय स्थल हमेशा गुलजार था, अब लोग कम आते हैं। पंडरी के मठपारा में बनवाए गए रैन बसेरा में ताला बंद मिला। वहां आसपास के लोगों ने बताया कि अभी निगम के एजेंसी कर्मी आते-जाते रहते हैं। रामनगर ढलान के पास बनवाए गए दो मंजिला भवन के ऊपरी माले पर रैन बसेरा की सुविधा कुछ दिनों तक ही लोगों को मिली, अब बिल्डिंग में तालाबंदी है। विवेकानंद आश्रम के पास बनवाए गए आश्रय स्थल में विस्थापित जमे हैं।




### मुफ्त में मिल रही है सुविधा

निगम ने रामनगर में 68 लाख, पंडरी बस स्टैंड में 25 लाख से ज्यादा व मठपारा और विवेकानंद आश्रम के पास रैन बसेरा की सुविधा देने पर 8 एवं 10 लाख से ज्यादा खर्च किया। वर्तमान स्थिति में पंडरी बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थल में ही मुसाफिरों को नहाने, सोने और लॉकर की सुविधा प्रतिदिन 40 रुपए भुगतान पर मिलती है। वहीं तीन में से दो स्थानों पर जमे हुए लोग निगम की बिजली, पानी की सुविधा तो ले रहे हैं, लेकिन निगम को कोई फायदा नहीं मिल रहा है। बरसात के लिहाज से इनमें सुविधा देने के लिए दोबारा शुरू कराने का प्रयास भी दो साल से अधूरा है।

### दो रैन बसेरा जल्द शुरू करेंगे

जिन रैन बसेरों की जानकारी दे रहे हैं, उनमें से बस स्टैंड का ही बेहतर तरीके से संचालित हो रहा है। मठपारा व विवेकानंद आश्रम के पास स्थित रैन बसेरा को जल्द ही व्यवस्थित करने जोन को निर्देश दिए हैं। रामनगर के रैन बसेरा को शुरू करने में विलंब होगा,क्योंकि वहां अभी काम चल रहा है।

*- विनोद कुमार पांडेय, अपर आयुक्त, ननि रायपुर*

## संत कबीर जयंती पर जिला जेल में हुआ भक्ति भजन-गायन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

सद्गुरू संत कबीर जयंती पर पद्मश्री डॉ. भारती बंधु एवं साथी कार्यकर्ता पावस भारती, अनुभव भारती, सैयम भारती, लक्की भारती, मुक्तक भारती द्वारा जिला जेल महासमुन्द में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक संत कबीर के प्रेरणास्पद भक्ति भजन, दोहा, गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ भारती बंधु द्वारा जेल में बंदियों को सद्मार्ग पर चलने, अनैतिक कर्मों से दूर रहने एवं अपने जीवन को अच्छे कर्मों द्वारा सफल बनाने जैसी प्रेरणात्मक विचारों से मन, चेतना व आत्मा की शुद्धि के मार्ग बताए। कार्यक्रम में सहायक जेल अधीक्षक मुकेश प्रसाद कुशवाहा, मोहन लाल ध्रुव मुख्य प्रहरी, थनेन्द्र कुमार योगी मुप्र, रज्जन तिवारी मुप्र, भारत लाल सेन प्रहरी, राकेश वर्मा प्रहरी, हरिशंकर सोनी प्रहरी एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

### अध्यक्ष विश्वनाथ, कोषाध्यक्ष बने भूपेश



**रायपुर।** रायपुर वीडियो जर्नलिस्ट एसोसिएशन का चुनाव रविवार को हुआ। चुनाव में 78 सदस्यों ने वोटिंग की थी, जिसमें अध्यक्ष विश्वनाथ साहू, उपाध्यक्ष पुनीत सोनकर, कोषाध्यक्ष भूपेश जांगड़े और सचिव अभिषेक डड़सेना निर्वाचित हुए। संयुक्त सचिव के रूप में राजकुमार प्रसाद पहले ही निर्वाचित हो चुके थे, क्योंकि उनके सामने चुनाव मैदान में खड़े रेखराम देवांगन पहले ही किसी प्रत्याशी के लिए प्रस्तावक के रूप में सामने आ चुके थे। पूर्व में मनोनीत किए गए अध्यक्ष विश्वनाथ साहू ही निर्वाचित हुए। पहली बार रायपुर वीडियो जर्नलिस्ट एसोसिएशन का चुनाव हुआ।

## खबर संक्षेप



### मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वीं पुण्यतिथि मनाई

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपकार भवन नयापारा में आध्यात्मिक संस्थान की आधारशिला रही मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वी पुण्यतिथि मनाई गई। प्रातः काल से ही श्रद्धांजलि सभा में पूरा ईश्वरीय परिवार मौन के साथ शिव बाबा की याद में रहे। उस दिव्य आत्मा के श्रेष्ठ कर्तव्य को जीवन में लाने का दृढ़ संकल्प लिया। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति आज की मुरली (परमातम महावाकय) में सुनाया। मातेश्वरी को यह बात कंठस्थ था कि यह संसार एक नाटक शाला है और हम सभी अपना अपना किरदार निभाते हैं। निराकार परमात्मा शिव इस नाटक शाला के क्रिएटर, डायरेक्टर और एक्टर तीनों है। यह नाटक तीन घंटे का नहीं, अपितु पूरे 5000 हजार वर्ष का है। अब यह नाटक पूरा होने को है और हमारा भारत पुनः सोने की चिड़िया बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें सद्कर्मों का बीज बोने की कला सीखनी चाहिए।



### कबीर दास के दोहे अब भी दुनिया में प्रासंगिक : चातुरी

**सरायपाली।** कबीर दास कुरीतियों पर कड़ा विरोध करने वाले थे। उन्होंने जीवन जीने के लिए कई शिक्षाएं बहुत ही साधारण एवं सरल भाषा में दी है। जीवन में गुरु के महत्व को भी बताया है। कबीर दास के दोहे अब भी दुनिया में प्रासंगिक है। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने कबीर साहब प्राकट्य दिवस के अवसर पर ग्राम बिछिया में कहीं। कार्यक्रम में विधायक चातुरी नंद ने कबीर का दोहा गाकर सुनाया, जिसे सुनकर उपस्थित कबीर साधकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साह बढ़ाया। इस दौरान विधायक ने कबीर साधक साथियों के साथ समय बिताया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मानिकपुरी पनका समाज, तुलसी दास, विष्णु दास, इंद्रजीत दास समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सुनवाई: जनचौपाल में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों ने प्रस्तुत किए आवेदन

# कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं और शिकायतों का समय पर निराकरण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के लिए निर्देश दिए। जन चौपाल में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने कहा।



जन चौपाल में बसना के नीलकंठ बिंझवार ने जाति प्रमाण पत्र के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि लोक सेवा केंद्र में आवेदन दिया है। लेकिन अभी तक जाति प्रमाण नही बना है। कलेक्टर मलिक ने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी तरह ग्राम पतेरापाली के विजय मिर्धा ने अपनी जमीन का सीमांकन करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि लंबे समय से सीमांकन नहीं हुआ है। ग्राम सिरपुर के विनोद साहनी ने बताया की अत्यधिक विद्युत बिल आने के कारण परेशानी है। उन्होंने आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निवेदन किया। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को जांच कर करवाई के निर्देश दिया हैं। अनुकंपा नियुक्ति के लिए पूनम नंद ने आवेदन दिया है। उन्होंने जल्दी से जल्दी से अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन प्रकरण के लिए गुहार लगाई। इसी तरह असंगठित कर्मकार योजना के तहत भगिनी प्रसूति योजना का लाभ लेने आवेदन दिया। कलेक्टर ने श्रम विभाग को आवेदन की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा नया राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि राशि, वृद्धावस्था पेंशन, पीएम आवास योजना संबधी आवेदन दिया। जन चौपाल में अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 से कलेक्टर कार्यालय में जन चौपाल का आयोजन किया जाता है।

## महारानी दुर्गावती की वीरता आज भी देश के लोगों के लिए प्रेरणादायक: योगेश्वर



**महासमुंद।** वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर सोमवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उनकी वीरता और अदम्य साहस को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि महारानी दुर्गावती ने अपने प्राणों का न्यौछावर कर दिया, पर दुश्मन के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया। उनकी वीरता आज भी देश के लोगों के लिए प्रेरणादायक है। विवाह के कुछ वर्ष बाद ही उनके पति राजा दलपत शाह का निधन हो गया। पति के निधन के समय रानी दुर्गावती के पुत्र नारायण की उम्र मात्र 5 वर्ष की ही थी, इसलिए रानी ने स्वयं ही शासन अपने हाथों में ले लिया। करीब 14 वर्षों तक उन्होंने शासन किया था। रानी दुर्गावती ने 52 युद्धों में से 51 युद्ध में विजय प्राप्त की थी। रानी दुर्गावती वीर और साहसी महिला थीं, जो अपने राज्य की रक्षा के लिए मुगलों से युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गई थीं। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक लाल ध्रुव के साथ बीटीआई रोड स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए डीईओ को संकुल समन्वयक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ जिला इकाई महासमुंद द्वारा प्रदेश अध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा के नेतृत्व में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी एमजी सतीश नायर से विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए भेंट कर ज्ञापन सौंपा गया।

भेंट से पूर्व संकुल समन्वयक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। जिसमें शिक्षा सत्र 2024 में संकुल समन्वयक के महत्वपूर्ण दायित्व विषय पर विमर्श किया गया। संकुल समन्वयक संघ ने शिक्षा गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की और शालाओं को



अकादमिक सहयोग के माध्यम से बेहतर बनाने का संकल्प लिया। जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में संकुल समन्वयकों द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान किए गए शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्यों के एवज में छत्तीसगढ़ अवकाश नियम के अनुसार कार्य दिवस को अर्जित अवकाश में गणना कर सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने संबंधी आदेश जारी करने की मांग की है। इसके अलावा वर्तमान में जारी युक्तियुक्त करण से संकुल समन्वयकों तथा पति-पत्नी शैक्षणिक सेवा के कर्मचारियों को मुक्त रखने की मांग है। समन्वयकों को पात्रता अनुसार आहरण संवितरण अधिकारी द्वारा यात्रा भत्ता का भुगतान समय पर नहीं किया जाता है। इस पर भी उचित कार्यवाही हेतु प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की गई है। ज्ञापन देने प्रांताध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष अनिल ढीढी, कैलाश चंद पटेल, अशोक साहू, देवेंद्र चंद्राकर, अनिल पटेल, सतीश तिवारी, बेदराम गिलहरे, एसी डोरा, ईश्वर कमार, ललित किशोर बया सहित संकुल संकुल समन्वयक उपस्थित थे।



### गाड़ा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से छग उत्कल गाड़ा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने भेंटकर समाजिक एवं राजनीतिक चर्चा करते हुए अपनी सामाजिक मांग के बारे कहा कि गाड़ा समाज के सभी बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाकर दिया जाए। छत्तीसगढ़ में नुआखाई पर्व पर पूर्ण अवकाश हो और सरकारी छुट्टी मिले। छत्तीसगढ़ में निवासरत झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब मजदूरों को पट्टा दिया जाए एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान दिए जाए। समाज के लिए पांच एकड़ जमीन प्रदान किया जाए एवं उत्कृष्ट मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वेच्छा अनुदान दिए जाने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने मांग पूरी करने का आश्वासन दिया। इस दौरान देवनारायण तांडी, बसंत बाघ, बसंत गोंड, गोरेलाल नायक, महेंद्र सिका, पंकज जगत, शरद जाल, सुरेश तांडी, गोवर्धन नायक, विजय छुरा, जुगराज महानंद, दिलीप यादव, सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

# आयुर्वेद चिकित्सा से होता है रोगों का समूल नाश : विधायक चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

क्षेत्र के ग्राम छिंदपाली में आयोजित निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद शामिल हुईं। सर्वप्रथम भगवान धनवंतरि के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विधायक चातुरी नंद और अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती नंद ने कहा कि आयुर्वेद विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजित करने से क्षेत्र के आमजनों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेले का आयोजन लगातार किया जाना चाहिए। ताकि, ग्रामीणों को आयुर्वेद का समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद पुरातन चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ हमारी धरोहर हैं।



आयुर्वेद चिकित्सा से लाभ भले ही देर से होता है, लेकिन इससे रोगों का समूल नाश होता है। कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग के उप संचालक डॉ सुनील दास ने आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डाला और ग्रामीणों को आयुर्वेद चिकित्सा की बारीकियों से अवगत कराते हुए उन्हें अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेद पद्धति को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य तन्मय पंडा, डॉ भोई, डॉ दुष्यंत प्रधान समेत आयुर्वेद विभाग के कर्मचारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर अपना उपचार कराया, जिनका स्वास्थ्य परीक्षण कर मौके पर ही उन्हें दवाइयां दी गई। उल्लेखनीय है कि विकासखंड स्तरीय आयुष मेला का लाभ लेने के लिए ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। मेला लगाने जाने के कार्यों की सराहना की।



### भाजपाइयों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, क्षेत्र के विकास पर की चर्चा

**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सौजन्य भेंट कर क्षेत्र के विकास कार्य के लिए सार्थक चर्चा हुई। सरायपाली क्षेत्र से जिला उपाध्यक्ष विपिन उपोवेजा, मंडल अध्यक्ष संजय डड़सेना, जनपद सदस्य कुसुम सिदार, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता लोकनाथ चौधरी, विजय प्रधान, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रमोद पटेल, आकाश प्रधान, मिनकेतन पटेल, हरीश डड़सेना, देवेंद्र साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### छत्तीसगढ़ अंचल में लगभग तीन सौ साल पुराना है बसुदेवा समुदाय का इतिहास

# विश्व संगीत दिवस पर बसुदेवा गीत केंद्रित इंटैक महासमुंद अध्याय का हुआ अनूठा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्राचीन विरासतों के संरक्षण के लिए प्रयासरत भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) के महासमुंद अध्याय ने महासमुंद जिले के पिथौरा में विश्व संगीत दिवस के अवसर पर विगत 21 जून शुक्रवार को एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया, जो छत्तीसगढ़ के विलुप्तप्राय बसुदेवा गीतों पर केन्द्रित रही। इन गीतों के बारे में व्याख्यान हुए और इनका गायन भी हुआ। दरअसल बसुदेवा शब्द वासुदेव का अपभ्रंश है। कुछ लोग बोलचाल में इसे बसदेवा भी कहते हैं। इंटैक ने यह कार्यक्रम श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा के सहयोग से आयोजित किया। सभी वक्ताओं ने इन विलुप्तप्राय गीतों की समृद्ध विरासत के संरक्षण की जरूरत पर बल दिया।

इस कार्यक्रम में पिथौरा के वासुदेवपारा निवासी जगदीश वासुदेव महाराज और उनके सहयोगी खोरबाहरा प्रसाद वासुदेव महाराज ने परंपरागत वासुदेव गीतों का गायन किया। जगदीश महाराज ने बताया कि उनके वासुदेव समुदाय का इतिहास छत्तीसगढ़ अंचल में लगभग तीन सौ साल पुराना है। ये गीत भी उसी समय से पीढ़ी-दर-पीढ़ी गाती आ रहे हैं। उन्होंने अपने गायन में श्रीकृष्ण, राजा दशरथ और श्रवण कुमार की कहानियों को पारंपरिक बसुदेवा गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इन गीतों के माध्यम से उन्होंने समाज के लिए प्रेरक संदेश देने का प्रयास किया। निकटवर्ती ग्राम सांकरा (जोंक) निवासी प्रसिद्ध रामायणी, संगीतकार तथा गायक जवाहरलाल नायक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यह आयोजन वेदमाता गायत्री मंदिर परिसर पिथौरा के सभागृह में किया गया। इस अवसर पर महासमुंद से आए प्रसिद्ध कवि अशोक शर्मा, मानक नामदेव, इन्टैक सरायपाली अध्याय के संयोजक यशवंत चौधरी, श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा के अध्यक्ष प्रवीण प्रवाह, सचिव संतोष गुप्ता, श्रृंखला से ही शशि कुमार डड़सेना एफए नंद, मन्नू ठाकुर, नरेश नायक, माधव तिवारी, गुरप्रीत कौर चमन, जितेश्वरी साहू, डा. सरोज साव सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में जवाहर नायक और उनकी सुपुत्री कमला नायक ने अंचल के प्रसिद्ध कवि स्वर्गीय मधु धांधी के छत्तीसगढ़ी गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है कि 21 जून को स्वर्गीय मधु धांधी का जन्मदिन भी था। अतिथियों ने वेदमाता गायत्री की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विलुप्तप्राय बसुदेवा गीतों पर केंद्रित इस आयोजन में मुख्य वक्ता शिवशंकर पटनायक, मुख्य अतिथि स्वराज्य करुण, विशेष अतिथि विक्रमादित्य सिंह, तुकाराम पटेल, जगदीश प्रसाद वासुदेव महाराज और खोरबाहरा वासुदेव महाराज तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष जवाहर नायक सहित अंचल की सुपरिचित गायिका कमला नायक और अन्य अनेक विशिष्ट जनों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन प्रवीण प्रवाह ने किया।



### बसुदेव गीतों के इतिहास की दी जानकारी

मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध उपन्यासकार और कहानीकार शिवशंकर पटनायक ने वासुदेव गीतों के इतिहास और उनके विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कई विद्वानों के उद्धरण भी दिए। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कवि, साहित्यकार व पत्रकार स्वराज्य करुण और विशेष अतिथि के रूप में भोपाल (मध्यप्रदेश) से आए लेखक एवं चिंतक विक्रमादित्य सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। विक्रमादित्य सिंह मूलतः छत्तीसगढ़ के बागबाहरा (जिला -महासमुंद) के निवासी हैं। स्वराज्य करुण ने बसुदेवा गीतों के साथ-साथ अन्य विलुप्त हो रहे लोकगीतों के संरक्षण के लिए इन्हें लिपिबद्ध करने और इसके लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी के अधिक से अधिक उपयोग की आवश्यकता प्रकट की। उन्होंने कहा कि कुछ कलाप्रेमियों ने कई बसुदेवा गीतों को यूट्यूब पर भी अपलोड किया हुआ है ,उनका प्रयास सराहनीय और अनुकरणीय है। विशेष अतिथि के रूप में माँ गायत्री शक्तिपीठ पिथौरा के प्रमुख ट्रस्टी तुकाराम पटेल भी उपस्थित थे। आयोजन में इंटैक महासमुंद अध्याय के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर, सहसंयोजक बंधु राजेश्वर खरे और पिथौरा के अनंत सिंह वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन बागबाहरा के रूपेश तिवारी और पिथौरा के उमेश दीक्षित ने किया।

## खबर संक्षेप



### महारानी दुर्गावती की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में देश के साहस, शौर्य एवं समर्पण की प्रतीक वीरांगना महारानी दुर्गावती की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, बबली चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, द्रोपती यादव, भूषण चंद्राकर ने कहा कि भारत देश के मातृभूमि एवं धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाली महान वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस 24 जून को मनाया जाता है।

### शिविर में 18 मानसिक रोगियों का हुआ उपचार

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ महासमुंद, नीलू घृतलहरे डीपीएम एनएचएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल मानसिक स्वास्थ्य के समन्वय से फिक्स डे मानसिक स्वास्थ्य शिविर सीएचसी बागबहरा में आयोजित किया गया। जिसमें 18 मानसिक रोगियों का इलाज किया गया। साथ ही निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श भी दिया गया। बागबहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ बीएस बढ़ाई बीएमओ, डॉ प्रेमचंद ध्रुव ब्लॉक नोडल, हेमकुमार सोनकर बीपीएम का सहयोग रहा। शिविर में मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे पीएसडब्लू, टेकलाल मानिटरिंग और अन्य स्टॉफ शामिल हुए।

### जमीन बंटवारे को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** कोमाखान थाना अंतर्गत ग्राम भलेसर में हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट करने से पुलिस में शिकायत कर मामला दर्ज कराया गया है। जानीलाल पटेल ने पुलिस को बताया कि 22 जून 2024 को उसका भाई पंचराम पटेल जमीन के हिस्से बंटवारे के नाम से उसकी पत्नी पूर्णिमा को गाली गलौच कर रहा था, जिसे मना किया तो पंचराम पटेल एवं उसके लड़का भुनेसर पटेल दोनों गांव के गली में गाली गलौच कर मारपीट किए पंचराम पटेल के द्वारा ईंट के टुकड़े को पकड़कर सिर में मारा जिससे सिर में चोट आया है एवं भुनेशर पटेल के द्वारा हाथ थप्पड़ से मारपीट किया गया।

**आयोजन : चक्रधारी कुम्हार समाज का महासभा सम्मेलन हुआ**

# पहले बनाते रहे हांडी, अब बनाएं हेलिकॉप्टर भीः द्वारिकाधीश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- अतिथियों ने समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने किया प्रेरित

चक्रधारी कुम्हार समाज संघ छत्तीसगढ़ की महासभा सम्मेलन पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय उपाध्यक्ष मोरध्वज चक्रधारी ने की। वही इस महासभा सम्मेलन के सभापति कार्तिक राम चक्रधारी, रामभाऊ चक्रधारी और सेवक राम चक्रधारी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कुम्हार समाज के आराध्य देव भगवान लक्ष्मीनारायण की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात अतिथि स्वागत का दौर प्रारंभ हुआ। जिसमें कुम्हार समाज के केंद्रीय पदाधिकारी समेत स्थानीय पदाधिकारियों ने विधायक यादव का पारंपरिक रीति से भव्य स्वागत किया। अतिथि स्वागत के पश्चात उद्बोधन का दौर प्रारंभ हुआ। जिसमें विधायक यादव सहित उपस्थित अतिथियों ने महासभा सम्मेलन को संबोधित किया।

विधायक द्वारकाधीश यादव ने कुम्हार समाज के नौनिहालों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके पालकों से आह्वान करते हुए कहा कि आदिकाल से आज पर्यंत तक आपके पूर्वज मटकी की हांडी बनाते आ रहे हैं, लेकिन आज का समय प्रौद्योगिकी का समय है। इसलिए आज आप अपने बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा देने के लिए अपनी कमर कस लीजिए, जिससे वे अब हांडी के साथ-साथ हेलिकॉप्टर का भी निर्माण कर सके। ताकि, कुम्हार समाज का जो कालजयी इतिहास है, उसकी गाथा आगे भी नवीन सोपानों के साथ युग युगांतर तक गाई जा सके। इस दौरान विधायक यादव ने कुम्हार समाज के गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डाला।

**यह समाजजन रहे विशेष तौर पर मौजूद**

इस अवसर पर प्रमुख रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष बृजलाल राणा, मीडिया प्रभारी पवन चक्रधारी, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पाड़े, खुशबू चक्रधारी, परिक्षेत्र अध्यक्ष लता चक्रधारी, इंदू चक्रधारी, नेहरू चक्रधारी, मूलचंद चक्रधारी, दयाराम चक्रधारी, वृंदावन के सरपंच लुभेश्वर पाड़े, शिक्षक नैन सिंह चक्रधारी, जनपद सदस्य कमल प्रसाद चक्रधारी, भारत जोड़ो यात्रा के यात्री रामेश्वर चक्रधारी, मेढा राम चक्रधारी, रेवा राम चक्रधारी, केजूराम चक्रधारी, घनश्याम चक्रधारी, जेठू राम चक्रधारी, उत्तम राणा, नेला राम चक्रधारी, माखन चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में चक्रधारी कुम्हार समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में माताएं एवं बहनें उपस्थित रहे।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मामले में प्रदेश की साय सरकार नाकाम : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल



छत्तीसगढ़ में बदहाल होती स्वास्थ्य व्यवस्था तथा सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को हो रही परेशानी तथा असुविधाओं को लेकर पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के साय सरकार को जनता की कोई चिंता नहीं है। साय सरकार का पूरा फोकस केवल अवैध वसूली, भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी में ही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मामले में यह सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान में प्रदेशभर के ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ संविदा कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से अस्पतालों में इलाज सुविधा ठप हो गया है। कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद से इन कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया। कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब होने तथा परिवार के पालन पोषण में आ रही परेशानियों से क्षुब्ध होकर वे आंदोलन की राह अपना लिए हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें समय पर इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है। लेकिन, लोकहित के इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सरकार का ध्यान नहीं है। कर्मचारियों के आंदोलन को लगभग 5 दिन हो गए, अब तक सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। हड़ताल के चलते ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं बंद हो गई है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इलाज कराने के लिए निकटवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा जिला मेडिकल कालेज अस्पताल आना पड़ रहा है। इससे उनसे अतिरिक्त आर्थिक क्षति पहुंच रही है। सरकार को चाहिए कि कर्मचारियों की मांगों पर त्वरित निर्णय लेते हुए सभी मांगों को पूर्ण का स्वास्थ्य व्यवस्था सुगम बनाएं। चंद्राकर ने आगे कहा कि सरकार बने 6 माह पूरा होने को है। लेकिन, चिकित्सा सेवा को लेकर साय सरकार की कोई ठोस नीति नहीं है और न ही उनकी नियत है। विगत 6 महीनों में सरकारी अस्पताल से आम लोगों का मोह भंग हो गया है। ज्यादातर सरकारी अस्पताल में जांच सामग्री का अभाव बताया जा रहा है, उन्होंने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य का इंफ्रास्ट्रक्चर 2018 की तुलना में ढाई गुना बेहतर विकसित किया था। सभी जिला अस्पतालों को मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल के तौर पर विकसित किया था। ब्लॉक के अस्पतालों में भर्ती की सुविधाएं विकसित की थी। अधिकांश जिला अस्पताल में डायलिसिस और क्रिटिकल केयर यूनिट शुरू किए गए थे। कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल रहा था। कांग्रेस शासन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कर्मचारी, अधिकारी सहित आम जनता के हित को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बनाई थी। जो भाजपा सरकार आते ही पूरी व्यवस्था चौपट कर दी गई।

# चक्रधारी समाज केंद्रीय युवा अध्यक्ष घनश्याम एवं उपाध्यक्ष बने रंजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



चंडी मंदिर घुंचापाली बागबाहरा में बीते रविवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कुंभकार चक्रधारी समाज का एक दिवसीय महाधिवेशन हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से आए हुए हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु सम्मिलित हुए।

सर्वप्रथम समाज के इष्टदेव भगवान लक्ष्मी नारायण के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजा अर्चन कर शुभारंभ हुआ। इसके तत्पश्चात समाज के समक्ष कोषाध्यक्ष द्वारा सालभर का आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत किया गया। इसके बाद नवीन पदाधिकारी का निर्वाचन की प्रक्रिया हुआ। जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष बृजलाल सिंह राणा एवं उपाध्यक्ष पवन चक्रधारी, उपाध्यक्ष मोरध्वज चक्रधारी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश चक्रधारी, सचिव के रूप में जेठूराम चक्रधारी, सहसचिव सेतराम राणा को चुना गया। इसी तरह केंद्रीय युवा अध्यक्ष पद के लिए घनश्याम चक्रधारी एवं उपाध्यक्ष रंजीत चक्रधारी सराईपाली को निर्विरोध चुना गया। इनकी नियुक्ति पर उखरा सर्कल अध्यक्ष भरतसिंह पांडे, उपाध्यक्ष गिरधर पाड़े, जगत पाड़े, प्रदेश उपाध्यक्ष लखन पांडे, केंद्रीय सहसचिव सेतराम राणा एवं समाज के लोगों ने हर्ष जताया है।

# 28 हजार करोड़ का कर्ज लेकर भी बागबाहरा नगर पालिका कर्मचारियों को 4 माह से वेतन नहींः अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि जिन कर्मचारियों के भरोसे बागबाहरा शहर की 20 हजार से ज्यादा जनता की साफ-सफाई और समस्त प्रकार के घोषित कार्य जो नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आते हैं उसका जिम्मा है। जिसमें कई अत्यंत गरीब परिवार के लोग भी कार्यरत हैं, उनको भी विगत 4 माह से वेतन के लाले पड़े हैं। अंकित ने बताया कि वर्तमान राज्य की भाजपा सरकार जो कि गर्व से डबल इंजन सरकार कहलाना पसंद करती है का हाल यह है कि वो 6 माह में ही बेहाल हो चुका है और जीने के लिए सांस लेने में ही हांफ रही है। विकास की बात तो छोड़ दें और ठीक इसके विपरीत जब 5 साल छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल के नेतृत्व में विकास के नए अध्याय गढ़ रहा था और उनके किए हुए काम इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित हो रहे थे उस समय भी पांच सालों में कुल कर्ज 50 हजार करोड़ लिया था और लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए विभिन्न योजनाओं के रूप में उसके एक-एक पैसे जनता के खाते में सीधे डाले गए थे, उसकी तुलना में साय सरकार ने पिछले 6 माह में ही 28 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया है। बावजूद इसके प्रदेश अपराधगढ़ बन रहा है। विकास के कोई नए कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं। 18 लाख आवास को किश्तें नहीं मिल रही है, बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया गया है, महिला स्व सहायता समूहों को काम मिलना बंद हो चुका है और बिजली आधी और बिल ज्यादा आ रहा है। उसके बाद भी अधिकतर विभागों में सरकार वेतन नहीं दे पा रही है। जिसका जीवंत उदाहरण बागबाहरा नगर पालिका परिषद के लगभग 103 कर्मचारियों को विगत चार माह का वेतन नहीं मिला है। अंकित ने बताया कि इनमें लगभग 63 कर्मचारी तो दैनिक कर्मचारी की श्रेणी में है, जिनके लिए तो अपना परिवार पालना मुश्किल हो रहा है और उधार लेकर अपना जीवन जीना पड़ रहा है। और 40 रेगुलर कर्मचारी भी वेतन ना मिल पाने के कारण अपना समय से विभिन्न किश्तें जमा नहीं कर पा रहे हैं। अंकित ने बताया कि प्लेसमेंट के दैनिक कर्मचारियों में सफाई, आफिस, जल विभाग, लेबर, गार्डन, बिजली, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि के कर्मचारी हैं, जिनकी संख्या 63 है और रेगुलर के 40 कर्मचारी हैं। जिनकी बेबसी की सुध लेने वाला भी कोई नही है। अंकित ने राज्य की साय सरकार से तत्काल इन कर्मचारियों की खून पसीने की कमाई रूपी वेतन इनको देने की मांग की। अंकित ने बताया कि कांग्रेस पार्टी इन कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधे मिला कर खड़ी है। और जरूरत पड़ी तो जनहित में उनके हक की लड़ाई के लिए आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# महासमुंद की जनता के दिलों हमेशा जिंदा रहेंगे अग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग और पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग ने पूर्व कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त कृषि एवं बीज निगम के पूर्व अध्यक्ष और महासमुंद के पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अग्नि चंद्राकर के निधन पर शोक व्यक्त श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री महिलांग और श्रीमती महिलांग ने कहा कि एक छोटे से गांव से महासमुंद की राजनीति में सितारे बनकर उभरे अग्नि चंद्राकर ने अपने सहज, सरल और मृदुभाषी व्यवहार से न सिर्फ महासमुंद की जनता के दिलों में जगह बनाई, बल्कि उन्होंने दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टी और पक्ष-विपक्ष के नेताओं के दिलों में भी राज किया। श्रीमती महिलांग ने कहा कि सरपंच से राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले अग्नि चंद्राकर का अपने पूरे राजनीतिक जीवन में किसी भी तरह के विवादों से कोई नाता नहीं रहा। उनका योगदान न सिर्फ महासमुंद जिले के निर्माण में ही नहीं, बल्कि जिला अस्पताल और सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण में भी रहा है।

त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि अग्नि चंद्राकर वही विधायक थे, जिन्होंने 1998 में महासमुंद के जिला निर्माण न होने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को विधायकी पद से इस्तीफा दे दिया था। यही वजह है कि अग्नि चंद्राकर आज भले ही हमसे बिछड़ कर चले गए हो, लेकिन वे महासमुंद की जनता के दिलों में हमेशा-हमेशा के लिए जिंदा रहेंगे।

# विश्व ओलंपिक दिवस पर खिलाड़ियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



23 जून को इंटरनेशनल ओलंपिक डे नीलकंठ कराते सेल्फ डिफेंस स्कूल बीटीआई रोड में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ रेनबुकान कराते संघ के प्रदेश अध्यक्ष मास्टर नीलकंठ साहू ने कहा कि हर साल 23 जून को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस दुनियाभर के खेल प्रेमियों के दिलों में एक खास जगह रखता है। यह महत्वपूर्ण अवसर 1894 में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की स्थापना की याद दिलाता है और खेलों की एकीकृत शक्ति की याद दिलाता है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस युवा एथलीटों को प्रेरित करने और उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि खेल व्यक्तियों को सशक्त बना सकते हैं। अनुशासन पैदा कर सकते हैं और टीम वर्क को बढ़ावा दे सकते हैं। ओलंपिक एथलीटों की सफलता की कहानियों को प्रदर्शित कर यह दिन युवाओं को अपने खेल के सपनों को पूरा करने और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करता है। शारीरिक गतिविधि पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस समाज पर खेलों के व्यापक प्रभाव को भी उजागर करता है। खेलों में लोगों को एकजुट करने, शांति को बढ़ावा देने और विभिन्न संस्कृतियों के बीच समझ को बढ़ावा देने की शक्ति होती है। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की गतिविधियों में भाग लेकर व्यक्ति खेल उत्कृष्टता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की विरासत में योगदान देते हैं।

उत्कृष्ट खिलाड़ियों में ईशान साहू, निकुंज साहू, जानिया चतुर्वेदी, चांदनी चतुर्वेदी, लक्की शिवारे, लिखंत ध्रुव, रीता साहू, गरिमा दुबे, नियती सिदार, रिद्धि भोई, सिद्धि भोई, फमेश्वरी सिन्हा, मुस्कान साहू, कृष्ण देव बाग, तुषार डडसेना, कुमकुम सिन्हा, आयुष शर्मा, भरत खड़ीया, मेघराज ध्रुव, रमेश ध्रुव, कमांडो ट्रेनर मास्टर ब्लास्टर मनोज डडसेना को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को सम्मान मिलने पर मास्टर शेखर साहू ने हर्ष जताया।

**सुनो भाई साधो भजन संध्या में भक्तिभाव से झूमते रहे श्रद्धालु**

# कबीर के भजनों ने किया भावविभोर, कार्यक्रम में जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




कला परंपरा और कला बिरादरी महासमुंद के तत्वावधान में ज्येष्ठ पूर्णिमा शनिवार 22 जून को स्थानीय स्वाध्याय केंद्र के सभागार में निर्गुणी भक्त संत कवि कबीर प्राकट्य दिवस पर आयोजित सुनो भाई साधो भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ. चित्तरंजन कर द्वारा गाये कबीर भजनों से श्रद्धालु श्रोता झूमते रहे। साथ ही ईश्वर-प्रेम, ज्ञान तथा वैराग्य, गुरुभक्ति, सत्संग, समरसता व सद्भावना के संदेशों को आत्मसात करते रहे। संत कबीर के चिरपरिचित भजन बीत गए दिन भजन बिना रे, चदरिया झीनी रे झीनी, मन लागो मेरो यार फकीरी में, अजब जमाना आया रे, कबीर हंसना दूर कर, रोने से कर प्रीत इत्यादि भजनों से आत्मविभोर होते रहे। तबले पर सोनू विश्वकर्मा के सधे हाथों की जादुई थाप से श्रोता प्रभावित हुए बिना नही रह सके। इस विशेष आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के अतिथियों और सांस्कृतिक हस्तियों की उपस्थिति रही। अध्यक्षता कला परंपरा के प्रांताध्यक्ष डॉ. डीपी देशमुख ने की। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने समाज को जोड़ने का काम किया। पूरे छत्तीसगढ़ में कबीर ही कबीर दिखता है। प्रमुख वक्ता इंटैक छत्तीसगढ़ अध्याय के संयोजक अरविंद मिश्रा ने कबीर की भाषा पर कहा कि वे सभी भाषा के ज्ञाता थे, लेकिन संदेश सधुक्कड़ी लोकभाषा में देते थे। यही कारण है कि अनपढ़ भी कबीर की भाषा समझ पाते थे। विशेष अतिथि सिरजन के प्रांताध्यक्ष डा. दीनदयाल साहू ने भी संत कबीर के विचारों को व्यक्त किया।

स्वागत भाषण कला परंपरा के जिला अध्यक्ष बंधु राजेश्वर खरे दिया। इंटैक के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर, नारायण नामदेव, अशोक शर्मा, रूपेश तिवारी, डॉ रामगोपाल यादव, प्रमोद कन्नौजे, रेवाराम ठाकुर, मानक नामदेव, अधिवक्तागण आरबी साहू, भूपेंद्र राठौर, माधवराव टांकसाले, प्रलय थिटे, लघु कथाकार महेश राजा, रायपुर के कला संस्कृति मर्मज्ञ डा. अखिलेश त्रिपाठी, माधुरी कर, महेंद्र मिश्रा, स्वाध्याय केंद्र के पदाधिकारीगण चंद्रशेखर साहू, देवीचंद राठी, कवि अशोक चौरड़िया, प्रेस क्लब अध्यक्ष उत्तरा विदानी, काव्यांश परिवार से डा. साधना कसार, डी बसंत साव, द्रौपदी साहू सरसिज, जयराम पटेल, दिशा नाट्य मंच संचालक नरेश साहू, लोकनाथ साहू, नगर के गणमान्य तुलसीराम साहू, इं. नुकेश चंद्राकर, मंगलूराम धीवर, उत्तम दुबे, शोभा दुबे, संगीता खरे, ललित साहू, रामकुमार चंद्राकर, लक्ष्मीचंद देवांगन, यशवंत सिन्हा, रिधिराम साहू, दीपक पटेल, तारकेश्वर साहू, जैनकुमार साहू, गायत्री परिवार से मनहरण साहू, अयोध्यानगर विकास समिति के अध्यक्ष चमन साहू, सचिव रामकुमार साहू सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। संचालन रूपेश तिवारी व आभार प्रदर्शन कला परंपरा के जिला सचिव नरेश साहू ने किया।

